# संत श्री आशाराम जी गौशाला समिति लखावा, कोटा (राज0)

क्रमांक 19              दिनांक 12.07.22

श्रीमान उप वन संरक्षक,

कोटा

विषयः– संत श्री आशाराम जी गौशाला समिति लखावा, कोटा को एफसीए 1980 के तहत 4.69 है0 वन भूमि प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आप द्वारा संयुक्त मौका रिपोर्ट हेतु ऑनलाइन संदेश प्राप्त हुआ है। इस संदर्भ में निवेदन है कि गौशाला समिति द्वारा वन भूमि प्रत्यावर्तन के अन्तर्गत जो समतुल्य गैर वन भूमि ग्राम खेड़ली नौनेरा तहसील पीपल्दा जिला कोटा में प्रस्तावित की गई है उसका संयुक्त मौका निरिक्षण पूर्व में दो बार आपके कार्यालय पत्रांक 1296 दिनांक 6.02.18 एवं पत्रांक 5453–55 दिनांक 20.08.21 द्वारा क्रमशः सहायक उपवन संरक्षक सुल्तानपुर एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी इटावा द्वारा करवाया जा चुका है तथा आप द्वारा इसकी पूर्ण तथ्यात्मक कार्यस्थल निरीक्षण रिपोर्ट दिनांक 22.06.018 को तैयार कर कार्यालय पत्रांक एफ( )तक/उवस/कोटा 2018–19/6381 दिनांक 27.06.18 द्वारा श्रीमान संभागीय मुख्य वन संरक्षक कोटा को प्रेषित भी की जा चुकी है। अतः अब पुनः सयुक्त मौका सर्वे कराने का कोई औचित्य नही है।

अतः श्रीमान की सेवा में आवेदन प्रेषित कर निवेदन है कि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव पर सहानुभुति पूर्वक विचार कर उच्च अधिकारियों को अग्रेषित करने की कृपा करें।

सादर।

(श्याम सुन्दर शर्मा)

संत श्री आशाराम जी गौशाला समिति
लखावा, कोटा
मो0 – 9413943890